**हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पाँवटा साहिब द्वारा दिनांक 20.03.2026 को मैसर्स शिरगुल माइन्स एंड मिनरल (पार्ट-II) के पक्ष में जारी किया गया था, जिसके पार्टनर श्री ऋषि कुमार अग्रवाल, श्री नवीन कुमार, श्री शेर सिंह नेगी और श्री मनीष कुमार, ग्राम भतरोग, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश, जिसकी प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 66,949 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष है तथा परियोजना की अनुमानित लागत ₹50 लाख है, एम/एस शिरगुल माइन्स एंड मिनरल हेतु खनन प्रस्ताव पर जन सुनवाई का कार्यवाही विवरण:**

हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पाँवटा साहिब द्वारा दिनांक 20.03.2026 को मैसर्स शिरगुल माइन्स एंड मिनरल (पार्ट-II) के पक्ष में जारी किया गया था, जिसके पार्टनर श्री ऋषि कुमार अग्रवाल, श्री नवीन कुमार, श्री शेर सिंह नेगी और श्री मनीष कुमार हैं। जो मोहल भटरोग, तहसील कामराऊ, जिला सिरमौर (हिमाचल प्रदेश) में प्रस्तावित खनन परियोजना, जिसकी प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 66,949 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष है तथा परियोजना की अनुमानित लागत ₹50 लाख है, के संबंध में मैसर्स शिरगुल माइन्स एंड मिनरल के लिए जन-सुनवाई आयोजित की गई। यह जन-सुनवाई सामुदायिक भवन, ग्राम एवं डाकघर भटरोग, तहसील कमराउ , जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश में समय 11:30 AM पर प्रारंभ की गई। इस जनसुनवाई की कार्यवाही का अंतिम चरण सायं 01:30 PM IST पर सम्पन्न हुई। प्रस्तावित परियोजना, ई.आई.ए. अधिसूचना क्रमांक 1533 दिनांक 14.09.2006 के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जन सुनवाई का आयोजन जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश में अध्यक्ष महोदय डॉक्टर एल. आर वर्मा, अतिरिक्त ज़िला दंडाधिकारी की अनुमति से जनसुनवाई का औपचारिक आरंभ किया गया, जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पाँवटा साहिब, सिरमौर के पर्यावरण अभियंता द्वारा जनसुनवाई की पृष्ठभूमि तथा इसके आयोजन के उद्देश्य से उपस्थित जनसमूह को अवगत करवाया गया।

तत्पश्चात परियोजना प्रस्तावकों एवं उनके प्रतिनिधि तकनीकी परामर्शदाता श्री साहिल द्वारा द्वारा परियोजना के प्रारूप और विस्तृत पर्यावरण प्रभाव निर्धारण के बारे में लोगों को अवगत करवाया गया।

## 1.0 परियोजना का संक्षिप्त विवरण

मैसर्स शिरगुल माइन्स एंड मिनरल (पार्ट-II) द्वारा प्रस्तावित परियोजना गिरी नदी के तल पर खनन कार्य के लिए प्रस्तावित है, जिसका उद्देश्य रेत, पत्थर और बजरी का उत्खनन करना है। यह खनन कार्य खसरा नंबर 46/1, 47/1, 48/1, 49/1, 50, 51, 52/1, 55, 56, और 71 पर किया जाएगा, जो मोहल भतरोग, तहसील कामराऊ, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश में स्थित है। यह क्षेत्र 35-06 बीघा या 2.9755 हेक्टेयर (निजी भूमि, गिरी नदी का तल) में फैला हुआ है। रेत, पत्थर और बजरी का उपयोग

पहले से स्थापित स्टोन क्रशर "एम/एस शिरगुल माइन्स एंड मिनरल" में किया जाएगा। खनन पट्टे के लिए LOI (लेटर ऑफ इंटेंट) एम/एस शिरगुल माइन्स एंड मिनरल (पार्ट-II) के पक्ष में जारी किया गया था, जिसके पार्टनर श्री ऋषि कुमार अग्रवाल, श्री नवीन कुमार, श्री शेर सिंह नेगी और श्री मनीष कुमार हैं। इनका पता मकान नंबर 133/E, वार्ड नंबर 6, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश है। प्रस्तावित उत्पादन 66,949 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष (MTPA) है।

## 2.0 पर्यावरणीय आधारभूत डेटा

- **वायु गुणवत्ता**: PM10 (28.44–76.52 μg/m³), PM2.5 (18.28–48.65 μg/m³), NOx (6.0–20.65 μg/m³), SO2 (3.92–20.1 μg/m³)—सभी CPCB सीमा के भीतर।
- **जल गुणवत्ता**: भूजल (pH 7.25 to 7.68, TDS 320 mg/l to 378 mg/L), कोई भारी धातु नहीं)।
- **मृदा गुणवत्ता**: pH 7.27–7.84, मिट्टी में पानी रोकने की क्षमता 25.0 % –28.8%, तक है। जैविक पदार्थ 0.26–0.43% NPK स्तर।
- **शोर स्तर**: दिन में 51.8–57.6 dB(A), रात में 39.8–43.4 dB(A)।

## 3.0 शमन उपाय

**वायु पर्यावरण:**

- खदान स्थल एवं सड़कों पर नियमित पानी का छिड़काव किया जाएगा
- ट्रकों/टिपरों को तिरपाल से ढककर परिवहन किया जाएगा
- धूल कम करने के लिए नियंत्रित लोडिंग एवं वाहन गति सुनिश्चित की जाएगी

**जल पर्यावरण:**

- धारा/नदी का मोड़ या कटाव नहीं किया जाएगा
- नदी से पानी पंपिंग या भूजल दोहन नहीं किया जाएगा
- खनन केवल किनारे वाले हिस्से में सीमित रखा जाएगा
- तलछट नियंत्रण हेतु सावधानीपूर्वक खनन किया जाएगा

**भूमि पर्यावरण:**

- वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित तरीके से खनन किया जाएगा
- गाद/मिट्टी का उपयोग वृक्षारोपण या भराई में किया जाएगा
- खनन केवल गैर-मानसून अवधि में किया जाएगा
- कटाव रोकने हेतु नियंत्रित उत्खनन किया जाएगा

**शोर पर्यावरण:**

- ड्रिलिंग और ब्लास्टिंग नहीं की जाएगी
- वाहनों का नियमित रख-रखाव किया जाएगा
- अनावश्यक हॉर्न का उपयोग सीमित रखा जाएगा

**जैविक पर्यावरण:**

- मानसून के दौरान खनन कार्य बंद रखा जाएगा
- धूल कम करने के लिए पानी का छिड़काव किया जाएगा
- वनस्पति हटाने से बचाव किया जाएगा

**सामाजिक-आर्थिक:**

- स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता दी जाएगी
- कार्यों का संचालन सुरक्षित एवं नियंत्रित तरीके से किया जाएगा

**4.0 सामाजिक-आर्थिक लाभ**

परियोजना से 65 व्यक्तियों को रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा सुविधाएं, और सामुदायिक विकास (जैसे पेयजल सुविधा, वरिष्ठ नागरिकों और शिशुओं के लिए चिकित्सा सुविधाएं) प्राप्त होंगे। क्षेत्र में निकासी गतिविधि का प्रभाव क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक वातावरण पर सकारात्मक होगा। जब भी जनशक्ति की आवश्यकता पड़ेगी, रेत, पत्थर और बजरी की निकासी स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान करेगी।

अंत में, परियोजना प्रस्तावक के प्रतिनिधि ने परियोजना के सफल क्रियान्वयन हेतु स्थानीय जनता से सहयोग का आग्रह किया तथा उपस्थित जनसमूह के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात्, उपस्थित लोगों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर परियोजना प्रस्तावक की ओर से प्रदान किए गए।

| क्रम संख्या | नाम व पता | उठाए गए मुद्दे | मुद्दों पर टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1 | **श्री तपेंद्र सिंह, पुत्र श्री जयसिंह, ग्राम पोका** | इन्होंने कहा कि यदि कार्य नियमों के तहत किया जाएगा, तो हम गाँव वाले इस परियोजना का समर्थन करते हैं। इस परियोजना के स्थापित होने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा तथा क्षेत्र की | परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस संबंध में सहमति व्यक्त की गई। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | आर्थिक प्रगति एवं विकास होगा। | |
| 2 | **श्री खजान सिंह, ग्राम भतरोग** | इन्होने कहा कि परियोजना रोजगार का स्त्रोत है व परियोजना से कोई आपत्ति नहीं है। यदि स्टोन क्रशर के पास स्थित सड़क का DMFT फंड से सुधार किया जाए, तो विद्यालय जाने हेतु बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। | परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस संबंध में सहमति व्यक्त की गई है कि सड़क का आवश्यक सुधार कार्य किया जाएगा, जिससे विद्यालय आने-जाने हेतु बेहतर एवं सुगम सुविधा उपलब्ध हो सके। साथ ही, सड़क को अधिक सुदृढ़ एवं टिकाऊ बनाने के लिए टाइल्स युक्त पक्की सड़क का निर्माण भी किया जाएगा। |
| 3 | **श्री कुलदीप सिंह, पुत्र श्री विजा राम** | इन्होने कहा कि नदी के किनारे स्थित क्षेत्र से अतिरिक्त मलबे को हटाया जा रहा है, जिससे जल प्रवाह सुचारु बना हुआ है और बाढ़ की स्थिति में कमी आ रही है। | परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस संबंध में सहमति व्यक्त की गई। |
| 4 | **श्री प्रेम सिंह, पुत्र श्री भीम सिंह, ग्राम पोका** | इन्होंने कहा कि स्टोन क्रशर के संचालन से आसपास के गाँवों के निवासियों को पर्याप्त रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। इसके परिणाम स्वरूप स्थानीय लोग नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रह रहे हैं, क्योंकि उन्हें अपने घर के निकट ही रोजगार उपलब्ध हो रहा है। बरसात मे भूमि कटाव भी रुक जाता है। यह स्थानीय क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में भी सहायक सिद्ध हो रहा है। | परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस संबंध में सहमति व्यक्त की गई। |
| 5 | **श्री सूरत सिंह, ग्राम पोका** | इन्होने कहा कि - स्टोन क्रशर के संचालन के कारण आसपास के पेड़ों की पत्तियों पर धूल एवं मिट्टी का जमाव हो रहा है, जिसके | परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस संबंध में सहमति व्यक्त की गई है |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | परिणामस्वरूप पशु उन पत्तियों का उपभोग नहीं कर पा रहे हैं। यद्यपि धूल नियंत्रण के लिए सड़क पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जा रहा है, तथापि इसके बावजूद धूल की समस्या पूर्णतः नियंत्रित नहीं हो पा रही है। अतः उन्होंने धूल के प्रभावी नियंत्रण हेतु डस्ट कलेक्टर स्थापित किए जाने का सुझाव भी दिया है, जिससे वायु में फैलने वाली धूल की मात्रा को कम किया जा सके। | |
| 6 | **श्री सुरेंद्र सिंह, पुत्र श्री कल्याण सिंह, ग्राम भटरोग** | इन्होंने कहा कि स्टोन क्रशर की स्थापना से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं, जिससे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। इसके अतिरिक्त, भवनों एवं मंदिरों के निर्माण कार्यों में सहयोग के रूप में आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे निर्माण कार्य अधिक सुगमता एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो पा रहे हैं। | परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस संबंध में सहमति व्यक्त की गई। |
| 7 | **श्री सुनील दत्त, पुत्र श्री मदन, ग्राम पोका, भटरोग** | इन्होंने कहा कि परियोजना से रोजगार मिलता है व गाँव वासियों को दूर दराज दिहाड़ी के लिए नहीं जाना पड़ता है। | परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस संबंध में सहमति व्यक्त की गई। |
| 8 | **श्री बलदेव सिंह, ग्राम भटरोग** | इनका निवेदन है कि गाँव में पानी की समस्या है जिसका प्रशासन व खनन मालिक ध्यान रखें। खनन से कोई आपत्ति नहीं है। | परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस विषय में सहमति व्यक्त की गई कि जल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9 | **श्रीमती आशा देवी, ग्राम भटरोग** | इन्होंने कहा कि परियोजना का समर्थन करते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि उन्हें सिंचाई कार्यों के लिए भी पानी की आवश्यकता रहती है, इसलिए इस दिशा में भी उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने आईपीएच विभाग से जल भंडारण टैंक एवं पाइपलाइन की व्यवस्था किए जाने की भी मांग की है, ताकि जल आपूर्ति को और अधिक सुचारु एवं व्यवस्थित बनाया जा सके।<br>इसके अलावा, उन्होंने यह सुझाव दिया है कि गाँव के सभी निवासी आपसी सहयोग एवं सद्भाव बनाए रखें, किसी भी प्रकार के मतभेद से बचें तथा गाँव में सुख-शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने का सामूहिक प्रयास करें।<br>गाँव में पीने के पानी व सिंचाई कि समस्या है। बरसात के मौसम में पीने के पानी की ज्यादा समस्या होती है। पानी का टैंक छोटा है उसे साफ सुथरा रखा जाए व पानी की पाइप्लाइन की मुरम्मत की जाए। | परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस विषय में सहमति व्यक्त की गई कि जल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। |
| 10 | **श्रीमती तारा देवी, पत्नी श्री मानचंद, ग्राम भटरोग** | इन्होंने निवेदन किया है कि जल टैंकों में आने वाला पानी स्वच्छ नहीं है तथा उसमें मिट्टी के जमाव की समस्या उत्पन्न हो रही है। अतः टैंकों की समय-समय पर समुचित सफाई कराए जाने की आवश्यकता है, जिससे स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा | परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस विषय में सहमति व्यक्त की गई है कि जल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इसके अंतर्गत जल भंडारण टैंक एवं पाइपलाइन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | सके। | पानी से संबंधित समस्याओं को आईपीएच विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर विचार-विमर्श किया जाएगा, ताकि समस्या का उचित एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।<br><br>परियोजना प्रस्तावक ने व्यक्त किया कि पानी के कनेक्शन के लिए बिजली का लोड बढ़ जाएगा। इस पर श्री सरित चंद्र, ज़िला खनन अधिकारी सिरमौर ने कहा कि बिजली कनेक्शन में पानी के लिए सब मीटर लगा के खनन उत्पादन की बिजली खपत से माइनस कर दिया जाएगा। |
| 11 | **श्री नरेश चौहान, पुत्र श्री शुपा राम, ग्राम पोका** | इन्होंने यह बताया - कि इस कार्य से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं, जिससे न केवल व्यक्तियों की आजीविका सुदृढ़ हुई है, बल्कि सामाजिक गतिविधियों एवं सामुदायिक कार्यों में भी उनका योगदान बढ़ा है। इससे समाज के समग्र विकास को प्रोत्साहन मिल रहा है। | परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस विषय में सहमति व्यक्त की गई। |

जनसुनवाई के उपरान्त, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पांवटा साहिब, जिला सिरमौर के पर्यावरण अभियंता ने उपस्थित जनसमूह को आश्वस्त किया कि उठाए गए सभी मुद्दे, सुझाव, विचार एवं टिप्पणियों को विधिवत रूप से दर्ज कर लिया गया है तथा जनसुनवाई की कार्यवाही को संकलित कर आगामी आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जाएगा।

अंत में, जनसुनवाई के समापन अवसर पर अध्यक्ष महोदय द्वारा उपस्थित सभी लोगों को आपसी सौहार्द में परियोजना का लाभ लेने का संदेश दिया व लोगों का जन सुनवाई में भाग लेने पर हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया ।

तत्पश्चात, श्री अतुल परमार, पर्यावरण अभियंता, हि०प्र० राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पर्यावरण जनसुनवाई में उपस्थित सभी लोगों का जनसुनवाई में सहभागिता एवं अपने विचार व्यक्त करने हेतु आभार प्रकट करते हुए जनसुनवाई का औपचारिक समापन किया गया।

**अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी**
**नाहन, जिला सिरमौर (हि. प्र.)**

# हिमाचल प्रदेश सरकार

Attendance Sheet for public hearing for proposal submitted by M/s Shirgul Mines and Minerals, Part-II, for extraction/collection of sand, stone boulder and bajri at Kh. No. 46/1, 47/1, 48/1, 49/1, 50, 51, 52/1, 55, 56 and 71 over an area measuring 35-06 Bighas (2.9755 Hect) @ 66949 MTPA at Muaza Mohal Bhatrog, Tehsil Kamroo, Distt. Sirmaur, H.P. on 20.03.2026 (11:30 AM) at Samudayik Bhawan, V.P.O Bhatrog, Tehsil Kamrau, Distt. Sirmaur, H.P.

| Sr.No. | Name | Address | Signature |
|---|---|---|---|
| 1 | Sh. L.R. Verma | ADM Smr | [signature] |
| 2. | Sh. Atul Parmar | EE, HPPCB RO Pnt. Sdb | [signature] |
| 3. | Sh. Sarit Chander | Mining Officer, Sirmaur at Nahan | [signature] |
| 4 | Er. Virender Sharma | Assistant Engineer JSV Sub-Div Kaffota | [signature] |
| 5. | Er. Gopal Singh | A.E JSV Poanta. | [signature] |
| 6. | Vinay Dhiman | J.E JSV Paonta. | [signature] |
| 7. | Mukesh Sharma | A.M.I. [illegible] | [signature] |
| 8 | Premsingh | V.P.O. Pocca | [signature] |
| 9. | Nishant Sharma | Mining Office, Nahan | [signature] |
| 10 | KHATRI SINGH | Neel Giri Stone | [signature] |
| 11. | Birender Singh DR. | Forest wild life Simbalwada | [signature] |
| 12. | Anwar Singh DR | Forest Division Paonta, Range Paonta. | [signature] |
| 13 | Darshan Chand | — do — | [signature] |
| 14. | Kailash | — do — | [signature] |
| 15 | Rajender singh | Poka. | |
| 16 | Kishan thakur | Girikhunala | [signature] |
| 17. | Bhushan | Khadowala | [signature] |
| 18. | Jeet Singh | Bharog | [thumb impression] |
| 19 | Khazan Singh | Bhatrog | [signature] |
| 20. | Jai Prakash | Bhatrog | [signature] |
| 21 | Narender Singh | V.P.O.-Bhatrog (Poka) | [signature] |
| 22 | Kinnaur Singh | Bhatrog | [signature] |
| 23 | Tara | do | Tara |
| 24 | Asha chauhan | do | A chauhan |
| 25 | Bala Devi | do | Bala Devi |

# हिमाचल प्रदेश सरकार

**Attendance Sheet for public hearing for proposal submitted by M/s Shirgul Mines and Minerals, Part-II, for extraction/collection of sand, stone boulder and bajri at Kh. No. 46/1, 47/1, 48/1, 49/1, 50, 51, 52/1, 55, 56 and 71 over an area measuring 35-06 Bighas (2.9755 Hect) @ 66949 MTPA at Muaza Mohal Bhatrog, Tehsil Kamroo, Distt. Sirmaur, H.P. on 20.03.2026 (11:30 AM) at Samudayik Bhawan, V.P.O Bhatrog, Tehsil Kamrau, Distt. Sirmaur, H.P.**

| Sr.No. | Name | Address | Signature |
|---|---|---|---|
| 26. | Sandeep Sharma | Super QUALITY Agrotech Services Ponta | Sandeep |
| 27 | Het Ram Sharma | Horticulture office Paonta Sahib | Sharma |
| 28 | Tapinder | V.P.O Pocca मझोग | [signature] |
| 29 | Bhagwan Singh | V/o Poocka | [signature] |
| 30 | Savita | Pocka Batrog | Savita |
| 31 | कमला देवी | Batrog | कमला देवी |
| 32 | Rekha Devi | " | [signature] |
| 33 | Seema Devi | Bhatrog | Seema Devi |
| 34 | आशा | do | आशा |
| 35 | सरीता | do | सरीत |
| 36 | Shayana | do | Shayana |
| 37 | शीला | do | शीला |
| 38 | मित्री | do | मित्री |
| 39 | श्यामा देवी | do | श्यामा देवी |
| 40 | Meera Devi | Bhatrog | Meera Devi |
| 41 | Nirmla | Bhatrog | Nirmla |
| 42 | कमलाई | [illegible] | [illegible] |
| 43 | जीवनदेई | [illegible] | जीवनदेई |
| 44 | Sh. Netar Singh S/o Basant Singh Pocca | | [signature] |
| 45 | Sh Rander Singh S/o Bhime Singh v. hocKA | | [signature] |
| 46 | Rajesh Chauhan S/o Jeevan Singh V/o-Pocca | | [signature] |
| 47 | Kuldeep | Vill. Pocca | [signature] |
| 48 | NS | Bhatrog | NS |
| 49 | Hitendr | Bhatrog | Hitender |
| 50 | Baldev Singh | Bhatrog | [signature] |

हिमाचल प्रदेश सरकार

Attendance Sheet for public hearing for proposal submitted by M/s Shirgul Mines and Minerals, Part-II, for extraction/collection of sand, stone boulder and bajri at Kh. No. 46/1, 47/1, 48/1, 49/1, 50, 51, 52/1, 55, 56 and 71 over an area measuring 35-06 Bighas (2.9755 Hect) @ 66949 MTPA at Muaza Mohal Bhatrog, Tehsil Kamroo, Distt. Sirmaur, H.P. on 20.03.2026 (11:30 AM) at Samudayik Bhawan, V.P.O Bhatrog, Tehsil Kamrau, Distt. Sirmaur, H.P.

| Sr.No. | Name | Address | Signature |
|---|---|---|---|
| 51 | रामगोपाल | रुहाणा | रामगोपाल |
| 52 | रघुवीर | भटरोग | रघुवीर |
| 53 | राम प्रसिद्ध | पोका | राम प्रसिद्ध |
| 54 | Raghuvir Singh | Pocca | [signature] |
| 55 | Gopinder Singh | Pocca | [signature] |
| 56 | RAKESH | Sataun | Rakesh |
| 57 | इन्द्र सिंह | माजरा | इन्द्र सिंह |
| 58 | Anuj sharma | Sataun | [signature] |
| 59 | Jaiprakash | POOKA | [signature] |
| 60 | Suraj Prakash | Bhatrog | [signature] |
| 61 | Rattan | Bhatrog | [signature] |
| 62 | चमन सिंह | पोका | चमन सिंह |
| 63 | Surender kum | भटरोग (पोका) | [signature] |
| 64 | नरेश कुमार | [illegible] पोका | [signature] |
| 65 | सुरेन्द्र चन्द | भटरोग (पोका) | [signature] |
| 66 | [illegible] | नहरा | [signature] |
| 67 | PANKAJ | भटरोग | [signature] |
| 68 | दिप चन्द | " | दिप चन्द |
| 69 | Naresh Chauhan | Poka | [signature] |
| 70. | Sunil Dutt | Poka | [signature] |
| 71 | Sonu kumar | Satan | Sonu kumar |
| 72 | Ankush. | Satan | Ankush kum |
| 73 | Nitesh. | SAtan | Nitesh |
| 74 | Vikaram | Poka | [signature] |
| 75 | Pinku | Poka | [signature] |

हिमाचल प्रदेश सरकार

Attendance Sheet for public hearing for proposal submitted by M/s Shirgul Mines and Minerals, Part-II, for extraction/collection of sand, stone boulder and bajri at Kh. No. 46/1, 47/1, 48/1, 49/1, 50, 51, 52/1, 55, 56 and 71 over an area measuring 35-06 Bighas (2.9755 Hect) @ 66949 MTPA at Muaza Mohal Bhatrog, Tehsil Kamroo, Distt. Sirmaur, H.P. on 20.03.2026 (11:30 AM) at Samudayik Bhawan, V.P.O Bhatrog, Tehsil Kamrau, Distt. Sirmaur, H.P.

| Sr.No. | Name | Address | Signature |
|---|---|---|---|
| 76 | Yas Paul | Bhatrog | [signature] |
| 77 | सुरेन्द्र कुमार | पैनार | [signature] |
| 78 | मानराज | भटरोग | [signature] |
| 79 | [illegible] | सतौन | [signature] |
| 80 | Sanjay Ram | Jagli | [signature] |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

Date :
Page No.: 1

सेवा मे
श्रीमती जी आप से निवेदन है
कि करेशर मालीक करेशर, जमीन के
नियम कानून ग्राम वासियों के सामने
प्रस्तुत करें बीना भेद-भाव के चालाये
ताकी गाँव की एकताबनी रहे
गाँव का रोजगार भी नीयम-कानून
से चलता रहे। भूटरोगा मोहल्ला
मेहला कि और से सभी गाँव वाला
से अनुरोध है की जमीन बाचने
वाले अपनी जमीन के पेस असल
करके (करेशर मालीक की खरीदी हुई
जमीन मै कोई भी दबाव ना बनाये
अगर कोई भी गावकारक भी आदमी
नियम-कानून का उल्लंघन करता है तो
उसे रोजगार से बाहर किया जाए
ताकि हमारे गाँव मे भाईचारे) धन्यवाद
का ध्यान रखते हुए
सभी ग्राम वासी रोजगार का लाभ
गाँव मे सुख-शान्ती से उठा
सके धन्यवाद

RO
[signature]
2013

NL Comm...

# शिव महिमा महिला मण्डल भटरोग ②

ग्राम भटरोग, डा. पोका, तह. पांवटा साहिब जिला सिरमौर (हि.प्र.)

क्रमांक 5 दिनांक 20th March 2026

20 Feb.

20/3

सेवा में

श्रीमती उपायुक्त महोदया जी
जिला- सिरमौर
हि० प्र०

विषय- पोका पंचायत के ग्राम भटरोग में सिंचाई जल आपूर्ति हेतू आवेदन।

श्रीमती जी

निवेदन इस प्रकार से है कि ग्राम भटरोग की जमीन अति उपजाऊ है परंतु सिंचाई की उपयुक्त व्यवस्था न होने के कारण कृषि कार्य अति प्रभावित है। समय पर बारिश न होने के कारण खेतों में फसलों का अभाव है। इस ग्राम में लगभग 36 परिवार कृषि पर ही निर्भर है, परन्तु सिंचाई व्यवस्था न होने के कारण ग्रामीण काम की तलाश में पलायन हेतू मजबूर है।

अतः शिव महिमा महिला मण्डल भटरोग आपसे विनम्र निवेदन करता है कि आप ग्राम भटरोग हेतू सिंचाई एवं पेयजल परियोजना को स्वीकृत कर ग्रामवासियों को लाभान्वित करें। समस्त ग्रामवासी व महिला मण्डल आपके सदैव आभारी रहेंगे।

धन्यवाद !

Chauhan Savita तारा देवी

प्रधान सचिव कोषाध्यक्ष
महिला मण्डल शिव महिमा
ग्राम भटरोग, ग्रा० पं० पोका

प्रार्थी
शिव महिमा महिला मण्डल
ग्राम - भटरोग, ग्राम पंचायत-पोका
जिला - सिरमौर हि० प्र०

दिनांक:- 20-03-2026 (3)

सेवा मे,

अतिरिक्त जिला कलेक्टर
जिला सिरमौर (हि० प्र०)

R.O.
2013

विषय:- क्रेशर लगने से भूमि को नुकसान बारे।

श्रीमान जी,

सविनय निवेदन है कि मैं तपेन्द्र सिंह s/o श्री नन्दा राम व रघुबीर सिंह s/o श्री चेत सिंह ग्राम पोका के स्थाई निवासी है।

महोदय जी, निवेदन है कि भरोग मे जो स्टोन क्रैशर लगा है उससे हमारी निजी भूमि को नुकसान हो रहा है जो कि लगभग 16-18 बीघा खसरा नं०-57 59 पर है जो कि स्टोन क्रैशर से लगभग 50-100 मीटर की दूरी पर है हमारी जमीन पर किमती पेड पौधे जैसे शीशम, खैर इत्यादि को नुकसान हो रहा है। जिसका हमे आजतक कोई मुआवजा नही मिला है हमने कई बार क्रैशर मालिको को भी सुचित करवाया लेकिन उन्होने हमारी बात पर कोई गौर नही किया अत: आपसे हाथ जोडकर प्रार्थना है कि खसरा नं०-59 के जो मालिक है उनको उनका मुआवजा दिलाया जाए।

धन्यवाद

प्रार्थी:-

तपेन्द्र सिंह गाव पो०आ० पोका
जिला सिरमौर हि० प्र०

रघुबीर सिंह s/o श्री चेत सिंह
ग्राम व पो०आ० - पोका सिरमौर (हि० प्र०)

इस विषय मे पहले भी ADC महोदय ने मौका आने पर मुआवजा देने के बारे मे क्रेशर मालिको को सुचित किया था

8219623916